**16-08-2021**

# स्वतंत्रता दिवस पर बेहतर काम करने वाले सम्मानित

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर मे स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो नरेंद्र मोहन ने ध्वजारोहण किया एवं सुरक्षा कर्मियों से सलामी ली। प्रो नरेंद्र मोहन ने इस अवसर पर संस्थान कर्मियों एवं छात्रों को बधाई देते हुए कहा की वह संस्थान को एक वैश्विक संस्थान बनाने मे लगन से काम करें। चीनी मिलों द्वारा गन्ने, चावल एवं मक्के से इथेनॉल उत्पादन, देश के किसानों को अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता के रूप मे देख रहा है। संस्थान द्वारा स्वच्छता मिशन के अंतर्गत लगन से कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को पुरस्कृत किया गया, साथ ही हिंदी पुस्तकालय को सबसे स्वच्छ विभाग होने की स्वच्छता ट्रॉफी प्रदान की गयी। छात्रों की क्रिया कलाप परिषद् के तत्वाधान मे एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें अलका मिश्रा, अंसार कुमारि, मुकेश श्रीवास्तव एवं राजकुमार सचान ने अपनी देशभक्ति की कविताओं से संस्थान कर्मियों एवं छात्रों मे जोश भर दिया।



नेशनल शुगर इंस्टिट्यूट डायरेक्टर ने कैंपस में झंडारोहण किया।



# झंडा ऊंचा रहे हमारा से गूंजा वातावरण

कानपुर (एसएनबी)। स्वतंत्रता दिवस पर रविवार को सीएसजेएमयू-सीएसए सहित विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में झंडारोहण कर तिरंगा फहराया गया। सीएसजेएमयू प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने झंडारोहण करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा जब किसी व्यक्ति व समाज को स्वतंत्रता मिलती है तो उसी के साथ बहुत सारी जिम्मेदारियां भी मिलती हैं। यहां रजिस्ट्रार डॉ.अनिल कुमार यादव, प्रो.संजय कुमार स्वर्णकार, प्रो.सुधांशु पांडया, प्रो.मुनेश कुमार आदि थे।

सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने परिसर स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद मुख्य भवन परिसर में झंडारोहण किया। उन्होंने कहा कि स्वाधीन होने के बाद कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा 32 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र भी दिये गये। ये सभी कर्मचारी अभी तक विवि में अस्थायी सेवा में कार्यरत थे। विवि परिवार की मौजूदगी में जोश-खरोश के साथ



राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में झंडा रोहण कार्यक्रम को संबोधित करते, निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन। फोटो : एसएनबी

स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो.अभय करंदीकर ने परंपरागत तरीके से झंडारोहण किया।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में निदेशक प्रो. नरेन्द्र मोहन ने ध्वजारोहण किया व सुरक्षा कर्मियों से सलामी ली। उन्होंने कहा कि वह संस्थान को एक वैश्विक संस्थान बनाने को लगन से काम करें। कार्यक्रम के तहत उन्होंने सफाई कर्मियों को पुरस्कृत भी किया। साथ ही हिन्दी पुस्तकालय को 'सबसे स्वच्छ विभाग' होने की 'स्वच्छता ट्राफी' भी प्रदान की। छात्र क्रियाकलाप परिषद ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।